**SET - A**

# Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination – 2015

*Practical Examination on Basic Knowledge of Computer Operation*

**Time : 1 Hr.** **Max Marks : 100**

Note :

1) *Attempt all questions. All questions carry equal marks. Write the answer of Q. No. 1 on the given answer sheet.*
2) *Perform the practical exercise(s) on computer system for each part of Q. No. 2 to Q. No. 5. Save the answer of each part of these questions (for taking printout) as per instructions given to you in the computer operation practical examination hall. Make suitable assumption where ever required.*
3) *Do not put any identification mark (Roll No., Name etc) concerning you in any answer of the question.*

## Q. No. 1

a) What is the full form of HTML & HTTP?
b) Write the name of any two commonly used E-Mail servers.
c) Write full form of DRAM and EEPROM.
d) What is Recycle Bin? Write steps to retrieve file from Recycle Bin?
e) Write steps to change desktop wallpaper in Windows.

## Q. No. 2

a) Create the following table in MS-Word :

| | **Name** | **Age** | **Gender** |
|---|---|---|---|
| Row 1 | X | 19 | Male |
| Row 2 | Y | 18 | Female |
| Row 3 | Z | 20 | Female |


b) Copy the above table and paste it in next page.
c) Insert a new row in copied table between Row 1 and Row 2 with contents
Name = Xa Age=21 Gender= Female
d) Sort the table of part c) in ascending order with respect to the field 'Age'.
e) Insert the header 'Exam 2015' and footer 'UKPSC' in above MS-Word file.

## Q. No. 3 Create MS-Power Point presentation as per following :


a) Add first slide and write title in the slide as "Uttarakhand Public Service Commission" and subtitle as "Haridwar".
b) Add second slide and insert a table of 3 rows and 3 columns.
c) Add third slide and insert a 3-D Clustered Column Chart based on following table :

| Roll No | Test 1 | Test 2 |
|---|---|---|
| 1 | 56 | 77 |
| 2 | 89 | 88 |

d) Add fourth slide and insert Smart Art Graphic as following:



e) Type "I like India" in the above Smart Art graphic in following manner:



## Q. No. 4

a) Create a worksheet in MS-Excel with fields DISTRICT_NAME, MALE, FEMALE, LITERACY and enter the following data of four Districts.

| DISTRICT_NAME | MALE | FEMALE | LITERACY |
|---|---|---|---|
| Nainital | 15000 | 17000 | 9500 |
| Almora | 12000 | 11000 | 9000 |
| Haridwar | 19000 | 20000 | 8000 |
| Dehradun | 20000 | 19000 | 7500 |

b) Add a new column named as POPULATION in the above sheet and calculate the POPULATION of each district by adding their respective MALE and FEMALE population.

c) Calculate the total POPULATION of all districts and display it in the last cell of the same column.

d) Calculate the average of LITERACY of all the District and display it in the last cell of the same column.

e) Insert a 2-D Clustered Column chart of table given in part (a) of this question and display it in the same sheet without overlapping.

## Q. No. 5

a) Create a database 'EMPLOYEE' in MS-Access with fields
**Name**(Text), **Designation**(Text), **Basic**(Number), **G.P.**(Number), **D.A.**(Number), **Total_pay**(Number).

b) Insert the following records in database 'EMPLOYEE'

| Name | Designation | Basic | G.P. | D.A. | Total_pay |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Manager | 22000.00 | 8000.00 | | |
| B | Clerk | 12000.00 | 4000.00 | | |
| C | Head Clerk | 18000.00 | 6000.00 | | |

c) Calculate D.A. of each employee where D.A = 125 % of (Basic + G.P.) using MS-Access Query.

d) Calculate Total_pay of each employee where Total_pay= Basic + G.P. + D.A. using MS-Access Query.

e) Sort the records in ascending order with respect to the field **Total_pay**.

# Uttarakhand Judicial Service Civil Judge (JD) Examination – 2015

## *Practical Examination on Basic Knowledge of Computer Operation*

**Time : 1 Hr.** **Max Marks : 100**

Note :

1) *Attempt all questions. All questions carry equal marks. Write the answer of Q. No. 1 on the given answer sheet.*
2) *Perform the practical exercise(s) on computer system for each part of Q. No. 2 to Q. No. 5. Save the answer of each part of these questions (for taking printout) as per instructions given to you in the computer operation practical examination hall. Make suitable assumption where ever required.*
3) *Do not put any identification mark (Roll No., Name etc) concerning you in any answer of the question.*

**Q. No. 1**

a) What is hyper link? Why is it used?
b) Write full form of IMAP and POP3?
c) What is full form of CD-R and CD-RW?
d) Write names of any two GUI based operating systems.
e) One Tera byte data is equal to _________ Giga bytes?

**Q. No. 2**


a) Create the following table in MS-Word.

| | Shape | Area | Perimeter |
|---|---|---|---|
| Row 1 | Square | $A = X^2$ | $P = 4 * X$ |
| Row 2 | Circle | $A = \pi r^2$ | $P = 2\pi r$ |


b) Set the font size 22 and font style Italic of Row 1.
c) Insert the square shape in the next page and write down 'India' within it.
d) Insert the footer 'Uttarakhand' in above MS-Word File.
e) Insert the page number at the top of the above MS-word file.

**Q. No. 3** Create MS-Power Point presentation as per following :

a) Add first slide and write title as "Department of Computer Science" in Bold, Italic, & Underline
b) Add following subtitle with Bullets in the same slide:
    - Operating System
    - Computer Fundamental
    - Windows
    - Programming Language
c) Add second slide and insert the following figure on it.



d) Add third slide and insert Smart Art Graphic as following:




e) Insert date and slide number in the footer of each slides.

## Q. No. 4

a) Create a worksheet in MS-Excel with fields ROLL_NO, STUDENT_NAME, TEST1, TEST2, TEST3, TOTAL_MARKS, PERCENTAGE and enter the following data of four students :

| ROLL_NO | STUDENT_NAME | TEST1 | TEST2 | TEST3 | TOTAL_MARKS | PERCENTAGE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Xxx | 88 | 67 | 98 | | |
| 22 | Yyy | 69 | 77 | 59 | | |
| 33 | Zzz | 95 | 81 | 90 | | |
| 44 | Aaa | 80 | 75 | 79 | | |

b) Calculate TOTAL_MARKS and PERCENTAGE of each student(where maximum marks of each test is 100).

c) Arrange the above table in descending order on the basis of PERCENTAGE.

d) Convert the Text Alignment of whole table in Right(Indent).

e) Insert a Stacked Column chart of the above table and display it in the same sheet without overlapping.

## Q. No. 5

a) Create a database 'SALES' in MS-Access with fields:
**Item**(Text), **Price**(Number), **Discount_in_Percentage**(Number), **Net_Price**(Number).

b) Insert the following records in database' SALES'

| Item | Price | Discount_in_Percentage | Net_Price |
|---|---|---|---|
| X | 3000.00 | 15 | |
| Y | 2400.00 | 10 | |
| Z | 2600.00 | 20 | |

c) Calculate the **Net_Price** of each item after deducting respective discount given in field **Discount_in_Percentage**.

d) Insert a new field **Quantity** (number) with values 2, 3 and 4 for Item X, Y and Z respectively.

e) Calculate the total price of all items as per quantity given in part (d) using MS-Access query.

# SET A

## Legal Drafter, Translator & Reviewer under Legislative & Parliamentary Affairs (Legislative Cell) Examination -2014

## "Basic Knowledge of Computer Operation-Practical Examination" (Qualifying Nature)

**Time: 01 Hour** **Max. Marks: 100**
**Minimum Qualifying Marks: 40**

Note:

- Attempt all questions. All questions carry equal marks.
- Perform the practical exercise(s) on computer system for each question. Save the answer of each part of these questions to take print outs.
- Make suitable assumptions, wherever required.
- Do not put any identification marks (Roll Number, Name etc.) concerning you in any answer of the question.

Q1. Create a folder named as "UKPSC" and a MS-Word file named as "Bio_Data" in the Desktop of your computer and take printout of the 'Small Icons View' & 'Details View' of Desktop folder in separate pages using print screen. (20 Marks)

Q2. Write the following paragraph in MS-Word and convert the 1st line in *Italic*, 2nd line as Underline and last line of the paragraph in **Bold** Font Style, also align the whole paragraph as 'Right justified'.

"A computer is a general purpose device that can be programmed to carry out a set of arithmetic or logical operations automatically ($x_1x_2+y^2$). Since a sequence of operations can be readily changed, the computer can solve more than one kind of problem. Conventionally, a computer consists of at least one processing element, typically a central processing unit (CPU), and some form of memory".
(20 Marks)

Q3. Create the following Table named as "Employee" in MS-Access using 'Design View'. Then create & take printout of the 'Form View' of the table. (20 Marks)

| Emp_No | Name | Basic_Pay |
|---|---|---|
| 10 | AA | 12000 |
| 11 | BB | 15000 |
| 12 | CC | 10000 |
| 13 | DD | 12500 |
| 14 | EE | 10000 |

Q4. Create a power point presentation, which appeared as follows in first slide and draw a 'Pie-Chart' in second slide based on the following table. (20 Marks)

| COUNTRY | PERCENTAGE OF WHEAT EXPORT (assumed data) |
|---|---|
| India | 75% |
| china | 80% |
| Srilanka | 65% |
| Pakistan | 55% |

Q5. Create following worksheet in MS-Excel named as "Result": (20 Marks)

| Roll No | Name | Total_Marks | % of Marks |
|---|---|---|---|
| 01 | AA | 360 | 90 |
| 02 | BB | 320 | 80 |
| 03 | CC | 300 | 75 |
| 04 | DD | 380 | 95 |

Sort the records in descending order of '% of Marks' and calculate average '% of Marks' in new line.

PcS(J) - 2015 (Main)

**NSP-03**

*No. of Printed Pages : 4*

# 2015

## विधि – I (मुख्य विधि)

## प्रश्न पत्र - I

## LAW – I (Substantive Law)

## Paper - I

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या 1 एवं 2 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई* ***चार*** *प्रश्न हल करने हैं । कुल छः प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should attempt question Nos. 1 and 2 as compulsory and not more than* ***four*** *of the remaining ones. Total* ***six*** *questions are to be attempted. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

1. (अ) "बिना प्रतिफल का करार व्यर्थ होता है ।" इस कथन को इसके अपवादों के साथ समझाइए । **15**

(ब) निर्वाचन के सिद्धान्त की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । संपत्ति-अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 35 के अन्तर्गत वर्णित निर्वाचन के सिद्धान्त की मुख्य शर्तों का भी उल्लेख कीजिए । **15**

(स) सूत्र 'रेस इप्सा लोक्यूटर' विधि का नियम नहीं है । यह एक वादी के फायदे के लिये साक्ष्य का नियम है जिसमें उसे उपेक्षा को साबित करना आवश्यक नहीं है । **10**

उक्त सूत्र को न्यायिक निर्णयों के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

(a) "An agreement without consideration is void." Explain this rule with exceptions.

(b) Discuss the doctrine of election with the help of illustrations. Also discuss the important conditions relating to doctrine of election as provided under Section 35 of the Transfer of Property Act, 1882.

(c) The maxim 'res ipsa loquitor' is not a rule of law. It is a rule of evidence benefiting the plaintiff by not requiring him to prove negligence.
Discuss the above maxim with reference to judicial decisions.

2. (अ) किन दशाओं में एक भागीदारी फर्म का न्यायालय द्वारा समापन किया जा सकता है ? एक भागीदारी फर्म का पंजीकरण न कराने के क्या परिणाम होते हैं ? वर्णन कीजिए । **15**

(ब) प्रतिफल का संसर्ग और संविदा का संसर्ग अंग्रेज़ी विधि की दो मूलभूत प्रतिपादनाएँ हैं । दोनों सिद्धान्तों एवं उनकी भारत में स्वीकृति की विस्तार से व्याख्या कीजिए । **10**

(स) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 53A 'हक' नहीं प्रदान करती है । यह किसी हक रहित व्यक्ति के 'कब्ज़े' की प्रतिरक्षा करती है । 15

क्या उपरोक्त वाक्यांश से आप सहमत हैं ? कारण देते हुए निर्णित वादों की सहायता से उत्तर दीजिए ।

(a) Under what circumstances can a partnership firm be dissolved by the court ? Discuss the consequences, if a partnership firm is not registered.

(b) Two fundamental propositions of English Law are 'privity of consideration' and 'privity of contract'. Elaborate these two principles and their acceptability in India.

(c) Section 53A of the Transfer of Property Act, does not confer 'title'. It enables a person without title to defend his possession.

Do you agree with the above statement ? Give reasons for your answer with the help of decided cases.

3. (अ) साझेदारी फर्म में साझेदारों के अधिकारों और दायित्वों पर प्रकाश डालिए । क्या कोई अवयस्क साझेदार हो सकता है ? 10

(ब) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 में तलाक के विभिन्न आधारों का वर्णन कीजिए । 10

(स) किस सीमा तक एक मुस्लिम पति अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने के लिए बाध्य है ? समझाइए । 10

(a) Discuss the rights and liabilities of partners of a partnership firm. Can a minor become a partner ?

(b) Discuss the various grounds for divorce under Hindu Marriage Act, 1955.

(c) To what extent is a Muslim husband bound to maintain his wife ? Explain.

4. (अ) "बगैर कब्ज़ा के सुखाधिकार भूमि पर सीमित अधिकार है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । 10

(ब) प्रत्याभूति की संविदा की परिभाषा कीजिए । प्रत्याभूति की संविदा एवं क्षतिपूर्ति की संविदा में अन्तर बताइए । 10

(स) दृश्यमान स्वामी से आप क्या समझते हैं ? दृश्यमान स्वामी द्वारा किए गये अचल संपत्ति के अन्तरण से वास्तविक स्वामी किन परिस्थितियों में बाध्य किया जा सकता है ? 10

(a) "Easement is a right to the limited use of land without possession." Explain this statement.

(b) Define a contract of indemnity. How does a contract of indemnity differ from a contract of guarantee ?

(c) What do you understand by 'Ostensile Owner' ? Under what circumstances a transfer of immovable property by an ostensible owner is binding on the real owner ?

5. (अ) प्रतिनिधिक दायित्व का सिद्धान्त समझाइये । एक मालिक अपने नौकर के अपकृत्य के लिए कब आबद्ध होता है ? 10

(ब) पंद्यम करार से आप क्या समझते हैं ? पंद्यम करार एवं समाश्रित संविदा में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 10

(स) "मुस्लिम विवाह एक संविदा है ।" व्याख्या कीजिए तथा हिन्दू विवाह से अन्तर स्पष्ट कीजिए । सही (sahih) मुस्लिम विवाह के आवश्यक तत्त्व क्या हैं ? विवेचना कीजिए । 10

(a) Explain the rule of vicarious liability. When is a master liable for the tort of his servant ?

(b) What do you mean by a wagering agreement ? Distinguish between wagering agreement and contingent contract.

(c) "Muslim marriage is a contract." Explain and distinguish it from Hindu marriage. What are essentials of Sahih (Valid) Muslim Marriage ? Discuss.

6. (अ) पट्टा किसे कहते हैं ? सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम में वह किस प्रकार निर्धारित होता है ? विवेचना कीजिए । **10**

(ब) "स्वेच्छापूर्वक की गयी हानि, हानि नहीं है (Volenti non fit-injuria) ।" इस सिद्धान्त को सदृष्टांत समझाइए । **10**

(स) हिन्दू विधि में विवाह की अवधारणा की समीक्षा कीजिए । उन तत्त्वों का उल्लेख कीजिए जिनके आधार पर विवाह को शून्य घोषित किया जा सकता है । **10**

(a) What is a lease ? How it is determined under the Transfer of Property Act ? Explain.

(b) Explain with illustrations the maxim "Volenti non fit injuria".

(c) Discuss the concept of marriage under Hindu law. What are the factors which nullify the marriage ?

7. (अ) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत शून्य तथा शून्य करणीय विवाहों में अन्तर बताइए । **10**

(ब) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत वे कौन सी संविदायें हैं जिनका विनिर्दिष्ट अनुपालन कराया जा सकता है । व्याख्या कीजिये । **10**

(स) विधिमान्य दत्तक सम्बन्धी अपेक्षायें क्या हैं तथा दत्तक देने के लिए सक्षम व्यक्ति कौन है ? उल्लेख कीजिए । **10**

(a) Explain the difference between a void and voidable marriage under the Hindu Marriage Act, 1955.

(b) Explain the contracts which would be specifically performed under the Specific Relief Act, 1963.

(c) Explain the requisites of a valid adoption. Who are the persons capable of giving in adoption ?

8. (अ) "रायलैण्ड बनाम फ्लेचर के नियम का एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (1987) में उच्चतम न्यायालय द्वारा संवैधानिक उपबंधों के प्रकाश में निर्वचन किया गया है ।" रायलैण्ड बनाम फ्लेचर में अभिनिर्धारित किए गये नियम की व्याख्या कीजिए । उल्लिखित कथन को ध्यान में रखते हुए उक्त नियम के संदर्भ में भारत में समतुल्य विकास की व्याख्या कीजिए । **10**

(ब) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 द्वारा हिन्दू परिवार की सम्पत्ति के उत्तराधिकार सम्बन्धित मूलभूत परिवर्तनों को विस्तार से समझाइए । **10**

(स) मुस्लिम विधि में तलाक से सम्बन्धित प्रावधानों का उल्लेख कीजिये । किन परिस्थितियों में एक मुस्लिम महिला अपने पति से तलाक प्राप्त कर सकती है ? **10**

(a) "The rule in Rylands Vs. Fletcher is interpreted in the light of the Constitutional provision by the Supreme Court in M.C. Mehta Vs. Union of India (1987)." Explain the rule laid down in Rylands Vs. Fletcher, keeping in view of the aforesaid statement, elaborate the corresponding development in India with reference to the said rule.

(b) Elaborate the fundamental changes introduced by the Hindu Succession Act, 1956 in respect of succession of property of Hindu family.

(c) Describe the provisions relating to divorce under Muslim Law. Under what circumstances a Muslim woman can take divorce from her husband ?

9. (अ) विद्वेषपूर्ण अभियोजन को परिभाषित कीजिए । इसके आवश्यक अवयव क्या हैं ? वादी को विद्वेषपूर्ण अभियोजन के बाद में सफल होने के लिए क्या बातें सिद्ध करना आवश्यक हैं? **10**

(ब) अर्ध संविदा, से आप क्या समझते हैं ? अर्ध संविदा के विशिष्ट तत्त्वों की विवेचना कीजिए । अर्ध संविदा के अन्तर्गत उत्पन्न दायित्वों का विधि शास्त्रीय आधार क्या है ? समझाइये । **10**

(स) भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत एक न्यासी (Trustee) की क्या अयोग्यताएँ हैं ? वर्णन कीजिए । **10**

(a) Define malicious prosecution. What are its essential ingredients ? What are to be proved by a plaintiff to succeed in an action for malicious prosecution ?

(b) What do you understand by Quasi Contract ? Explain the distinctive features of Quasi Contract. What is judicial basis of responsibility occur under Quasi Contract ? Explain.

(c) Describe the disabilities of a trustee as has been provided under the Indian Trust Act, 1882.

10. (अ) एक हिन्दू मृत पुरुष की सम्पत्ति के निर्वसीयत उत्तराधिकार से सम्बन्धित विधि की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । **10**

(ब) शाश्वतता के विरुद्ध नियम की व्याख्या कीजिए । क्या इस नियम का कोई अपवाद है ? उल्लेख कीजिए । **10**

(स) निम्न की व्याख्या कीजिए :

(i) "जो व्यक्ति साम्या की अपेक्षा करता है उसे खुद भी स्वच्छ होना चाहिए ।" **5**

(ii) "साम्य किसी अपकृति को उपचारविहीन नहीं रहने देगा ।" **5**

(a) Briefly discuss the law of intestate succession to the property of a deceased Hindu.

(b) Explain the rule against perpetuity. Are there any exceptions to this rule ? Discuss.

(c) Explain the followings :

(i) "He who comes to Equity must come with clean hand."

(ii) "Equity will not suffer a wrong to be without a remedy."

PCS(J)—2015 (Main)

No. of Printed Pages : 8

**NSP-04**

# 2015

# विधि (साक्ष्य एवं प्रक्रिया)
## प्रश्न पत्र - II

# LAW (Evidence and Procedure)
## Paper - II

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या 1 करना अनिवार्य है तथा अन्य **चार** प्रश्न करने हैं । प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । हालाँकि **सभी** प्रश्नों के समान अंक हैं । **एक** प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should attempt question No. 1 as compulsory and **four** more. At least one question must be attempted from each section. In all five questions are to be answered. Marks carried by each question have been indicated against the question. However, all questions carry equal marks. The parts of same question must be answered together.*

1. राजकुमार और रीता राठौर के मध्य 10.5.2013 को विवाह हुआ और दोनों लगभग नौ माह तक पति और पत्नी के रूप में साथ रहे । पति का वाद यह है कि दोनों पक्षकार जिला न्यायालय में भिन्न स्थानों पर नियोजित थे । राजकुमार का स्थानान्तरण जिला न्यायालय देहरादून हो गया, और उसने देहरादून में रहना शुरू कर दिया । दोनों के संयुक्त प्रयास से, वे रीता राठौर का स्थानान्तरण पिथौरागढ़ से देहरादून कराने में सफल हो गये । पत्नी रीता राठौर गर्भवती हो गई, और वह अपने माता-पिता के घर नैनीताल चली गई, पति का वाद है कि फरवरी 2014 में पत्नी ने माता-पिता के घर नैनीताल में प्रसव कराने के लिए देहरादून छोड़ दिया और उसके बाद वह कभी वापस नहीं आई और पति के साथ कभी नहीं रही । पक्षकार फरवरी 2014 से पृथक रह रहे हैं, और 2.6.2014 को उनको एक बालक पुत्र पैदा हुआ । पति ने आरोप लगाया कि उसके अनुरोध के बावजूद भी, रीता रौठार अपने बच्चे के साथ, माता-पिता के घर नैनीताल में लगातार रह रही है, जबकि उसका स्थानान्तरण देहरादून हो गया है तथा उसने देहरादून में पति के साथ रहने से मना कर दिया है और उसने अपने को नैनीताल जिला न्यायालय में समायोजित कर लिया है ।

   हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के विभिन्न आधारों पर रीता राठौर के विरुद्ध विवाह-विच्छेद के लिए एक वाद पत्र का प्रारूप बनाइए । **30**

   उपर्युक्त वाद पत्र के उत्तर के प्रतिवादी रीता राठौर की ओर से लिखित कथन का प्रारूप भी लिखिए । **10**

Marriage between Rajkumar and Rita Rathore solemnized on 10-5-2013 and both of them resided together as husband and wife for about nine months. Case of the husband is that both parties were employed in District Court at different places. Rajkumar was transferred to District Court Dehradun, and he started living at Dehradun. By their joint efforts, they were able to get the Rita Rathore transferred from Pithoragarh to Dehradun. The wife Rita Rathore became pregnant and she went to her parents house at Nainital, case of the husband is that in February 2014, wife left Dehradun for delivery at the parent house Nainital and thereafter, she never came back and never stayed with husband. Parties are said to have separated since February 2014 and a male child was born out of wedlock at Nainital on 2-6-2014. Husband alleged that despite his request, Rita Rathore continued to stay with her child at her parents house at Nainital, and inspite of her transfer to Dehradun, she refused to join husband at Dehradun and instead she got adjust at Nainital District Court.

Draft a plaint for divorce against Rita Rathore on the various grounds of Hindu Marriage Act, 1955.

In reply to the above plaint, draft a written statement on behalf of defendant Rita Rathore.

**अथवा / OR**

24.7.2015 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जवालापुर (हरिद्वार) में नसबंदी शल्य-क्रिया किये जाने के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में मृतक मीनाक्षी देवी को नसबंदी शल्य चिकित्सा के लिए भर्ती कराया गया । वादी ने यह तर्क दिया कि उस समय मूल प्रतिवादी संख्या 1 आर.एस. उपाध्याय और मूल प्रतिवादी संख्या 2 डॉ. सुनील निगम, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जवालापुर में कार्य कर रहे थे, और मूल प्रतिवादी संख्या 3 एस.के. कुशवाहा जिला चिकित्सालय, हरिद्वार में डॉक्टर के रूप में कार्य कर रहा था । प्रतिवादी संख्या 4 श्रीमती शिवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जवालापुर में एक नर्स थी । यह कहा गया कि राज्य के निदेशन से जवालापुर में नसबंदी शिविर आयोजित किया गया, जहाँ पर नसबंदी शल्य चिकित्सा से पहले प्रतिवादी संख्या 1 से 3 ने मीनाक्षी को कुछ सूई (इंजेक्शन) लगाये । इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी स्थिति खराब होने लगी और वह बेहोश हो गई और इसके बाद, उसको जिला चिकित्सालय अग्रसारित कर दिया गया और दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु हो गई । यह तर्क दिया गया कि मृत्यु उपेक्षा के कारण हुई है और मृतक मीनाक्षी को गलत इंजेक्शन लगाया गया । यह भी तर्क दिया गया कि मृतक एक शिक्षिका थी, उसकी उम्र 28 वर्ष की थी और प्रतिमाह ₹ 25,000 कमाती (आय) थी । **40**

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण बनाकर विवाद्यक बिन्दु बनाइए, विधिक उपबंधों और निर्णयज विधि की सहायता से निर्णय लिखिए ।

On 24-7-2015, a health camp was organized at Primary Health Centre, Jawalapur (Haridwar) for conducting Tubectomy (Nasbandi) operation. In such camp, deceased Meenakshi Devi was admitted to undergo the operation for Tubectomy. It was pleaded by plaintiff that original defendant No. 1 R.S. Upadhyay and original defendant No. 2 Dr. Sunil Nigam, were working at Primary Health Center, Jawalapur and original defendant No. 3 S.K. Kushwaha was working as Doctor in District Hospital, Haridwar. Defendant No. 4 Smt. Shivani was a nurse in Primary Health Centre, Jawalapur. It was stated that at the direction of state, Tubectomy camp was organized at Jawalapur wherein before Tubectomy operation, at the instance, of defendant No. 1 to 3, some injections were administered to Meenakshi Devi. After giving injection, her condition started deteriorating and she lost her sense and thereafter, she was referred to District Hospital and eventually she died. It was pleaded that the death was caused due to negligence and administration of wrong injections to the deceased Meenakshi Devi. It was further pleaded that deceased was a teacher, aged about 28 years and used to earn ₹ 25,000 per month.

On the basis of above facts prepare a case, frame the issues and decide the case by supporting legal provisions and case law.

## खण्ड – अ / Group – A

2. (अ) (i) "हर वाद की विरचना यावत्साध्य ऐसे की जायेगी कि विवादग्रस्त विषयों पर अन्तिम विनिश्चय करने के लिए आधार प्राप्त हो जाये और अतिरिक्त मुकदमेबाजी का भी निवारण हो जाये ।" इस कथन के सन्दर्भ में वाद की विरचना का निर्वचन कीजिए । **10**

(ii) "क" स्थावर सम्पत्ति "ख" को वार्षिक भाटक पर पट्टे पर देता है । सन् 1905, 1906 तथा 1907 इन सभी वर्षों का भाटक शोध्य है और नहीं दिया गया है और "क" द्वारा 1908 में "ख" पर केवल सन् 1906 के शोध्य भाटक के लिए वाद लाने के पूर्व ही किरायेदारी को अवधारित किया जाता है । इस वाद में "क" के पास किस प्रकार का उपचार उपलब्ध है ? निर्णय दीजिए । **10**

(ब) न्यायालय द्वारा पक्षकारों की परीक्षा की प्रक्रिया क्या है ? न्यायालय सिविल वाद में किस प्रकार का विधिक निदेश देगा और उत्तर देने में प्लीडर के इन्कार का या उत्तर देने में उसकी असमर्थता का परिणाम क्या है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **10**

(स) निर्णय और डिक्री सुनाते समय न्यायालय किन-किन बातों को ध्यान में रखेगा ? इस सम्बन्ध में सन् 1976 के संशोधनों के गुण और दोषों का विश्लेषण कीजिए । **10**

(a) (i) "Every suit shall as far as practicable be framed so as to afford ground for final decision upon the subject in dispute and prevent further litigation." In the context of this statement interpret the framing of suit.

(ii) A lets immovable property to B at a yearly rent. The rent for the whole of the year 1905, 1906 and 1907 is due and unpaid, and the tenancy is determined before A sues B in 1908, only for the rent due for 1906. In this case, what kind of remedy can be availed by A ? Decide.

(b) What is the procedure of examination of parties by the court ? What kind of legal directions shall be given by the court in civil suit and what are the consequences of refusal or inability of pleader to answer ? Critically examine.

(c) What shall be considered by the court at the time of pronounce of judgment and decree ? Analyse the merit and demerit of 1976 amendments in this regard.

3. (अ) ऐसी सम्पत्ति की गणना कीजिए जो डिक्री के निष्पादन में कुर्क और विक्रय की जा सकेगी और इसे कुर्क और विक्रय नहीं की जा सकेगी । इस विधिक प्रावधान में राज्यों के संशोधनों की भी व्याख्या कीजिए । **20**

(ब) इस कथन का व्याख्यात्मक परीक्षण कीजिए कि "अन्तर्निहित शक्तियों का प्रयोग इसलिए नहीं किया जा सकता कि सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों को अकृत बनाया जाए" अपने उत्तर के समर्थन में किसी सुप्रसिद्ध निर्णय का उल्लेख कीजिए । **10**

(स) न्यायालय कब निर्णयों, डिक्रियों या आदेशों का संशोधन कर सकती है ? क्या न्यायालय ऐसे डिक्री या आदेश का संशोधन करने की शक्ति रखती है, जहाँ अपील संक्षेपतः खारिज की जाती है ? परीक्षण कीजिए । **10**

(a) Enumerate the list of property which is liable to attachment and sale in execution of a decree, and shall not be liable to such attachment or sale. Explain state amendments also in the said legal provisions.

(b) Critically examine this statement that "Inherent powers of the court cannot be exercised so as to nullify the provisions of the Civil Procedure Code". Support your answer by leading judgment.

(c) When court can amend judgment, decree or order ? Whether court has power to amend decree or order where appeal is summarily dismissed ? Examine.

4. (अ) सिविल प्रक्रिया में किसको गिरफ्तार किया जा सकता है और किसको गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है ? सिविल न्यायालय में स्वीय उपसंजाति से किसको छूट दी जाती है ? व्याख्या करें । **20**

(ब) शपथ पत्र के लिए शपथ किसके द्वारा दिलाई जाएगी इसके लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत क्या प्रावधान हैं ? इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड में लागू उत्तर प्रदेश के क्या संशोधन हैं ? विवेचना कीजिए । **10**

(स) न्यायालय के बाहर विवादों के निपटारे के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता में उपबंधित प्रावधानों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । इन प्रावधानों को सुदृढ़ किये जाने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? टिप्पणी कीजिए । **10**

(a) Who can be arrested and who can not be arrested under civil process ? Who are exempted from personal appearance before civil court ? Explain.

(b) What are the provisions under Civil Procedure Code for oath on affidavit by whom to be administered ? What are the amendments of Uttar Pradesh as applicable in Uttarakhand in this regard ? Discuss.

(c) Critically analyse the provisions as prescribed by Civil Procedure Code for settlement of disputes outside the court. What should be done for strengthening these provisions ? Comment.

5. (अ) तथ्य विवाद्यकों का अवधारण द्वितीय अपील में करने की उच्च न्यायालय की शक्ति क्या है ? उच्चतम न्यायालय में अपीलें कब होगी ? अपीली डिक्रियों और आदेशों की अपीलों में प्रक्रिया क्या है ? व्याख्या करें । **20**

(ब) वादियों और प्रतिवादियों के रूप में कौन संयोजित किये जा सकेंगे ? न्यायालय पृथक विचारण के लिए कब और क्या पृथक आदेश पारित कर सकता है ? पक्षकारों के कुसंयोजन और असंयोजन का प्रभाव क्या है ? पक्षकार कुसंयोजन और असंयोजन के सम्बन्ध में आपत्तियाँ कब कर सकते हैं ? व्याख्या करें । **20**

(a) What is the power of High Court to determine issues of facts in second appeal ? When appeals lie to the Supreme Court ? What is the procedure in appeals from appellate decrees and orders ? Explain.

(b) Who may be joined as plaintiffs and defendants ? What and when court can pass an order for separate trials ? What is the effect of mis-joinder and non-joinder of parties ? When parties can make objections as to non-joinder or mis-joindor ? Explain.

## खण्ड – ब / Group – B

6. (अ) निम्नलिखित के मध्य अन्तर कीजिए : **5 × 4 = 20**

   (i) अन्वेषण डायरी और अन्वेषण के समाप्त हो जाने पर पुलिस अधिकारी की रिपोर्ट

   (ii) आरोप की अन्तर्वस्तु और गिरफ्तारी के वारण्ट की अन्तर्वस्तु

   (iii) पुलिस रिपोर्ट से भिन्न आधार पर संस्थित मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा की जानेवाली प्रक्रिया, जहाँ अभियुक्त उन्मोचित नहीं किया जाता और जहाँ अभियुक्त को उन्मोचित किया जाएगा ।

   (iv) न्यायालय की बन्दियों और जमानत में छोडे गये व्यक्तियों को हाजिर कराने की अपेक्षा करने की शक्ति ।

   (ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने पर कारावास का दण्डादेश और कई अपराधों के लिए एक ही विचारण के प्रावधान क्या हैं ? निर्णयज विधि की सहायता से व्याख्या करें । **10**

   (स) कुछ मामलों में सहायता के लिए व्यतिकारी व्यवस्था तथा सम्पत्ति की कुर्की और समपहरण के लिए प्रक्रिया की अनेक परिभाषाओं सहित प्रावधानों की संक्षिप्त में व्याख्या करें । **10**

   (a) Distinguish between the following :

   (i) Investigation Diary and Report of Police Officer on completion of investigation.

   (ii) Contents of charge and contents of warrant of arrest.

   (iii) Procedure when accused is not discharged and when accused shall be discharged by Magistrate in cases instituted otherwise than on police report.

   (iv) Power of court to require attendance of Prisoners and Persons released on Bail.

   (b) What are the provisions under criminal procedure code for sentence of imprisonment in default of fine and in cases of several offences at one trial ? Explain with case law.

   (c) Explain in short provisions with various definitions of reciprocal arrangements for assistance in certain matters and procedure for attachment and forfeiture of property.

7. (अ) (i) सुसंगत विधिक प्रावधानों की सहायता से भरण-पोषण की प्रक्रिया, भत्ते में परिवर्तन और भरण-पोषण के आदेश का प्रवर्तन की विवेचना कीजिए । **10**

   (ii) क्या श्वसुर और सास विधवा पुत्रवधू से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार हैं, जब उसने (पुत्रवधू) मृत पति के स्थान पर नौकरी प्राप्त की है ? अपने उत्तर के समर्थन में निर्णयज विधि का उल्लेख करें । **10**

   (ब) यौन अपराधों और मानसिक तथा शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों के संस्वीकृतियों और कथनों को अभिलिखित करने की दण्ड प्रक्रिया में अन्तर्गत विधिक आवश्यकताओं की आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **10**

   (स) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध जब साक्ष्य अपर्याप्त और जब साक्ष्य पर्याप्त पाये जाएँ, ऐसे उपबंधों का परीक्षण कीजिए । **10**

(a) (i) Discuss the procedure of maintenance and alteration in allowance and enforcement of order of maintenance with support of relevant legal provisions.

(ii) Whether father-in-law and mother-in-law are entitle to get maintenance from widowed daughter-in-law, when she has obtained job in place of deceased husband ? Support your answer by case law.

(b) Critically examine the legal requirements in recording of confessions and statements in sexual offences and mentally and physically disabled persons under criminal procedure.

(c) Examine those provisions when evidence found by police is deficient and when evidence is sufficient against accused under criminal procedure code.

8. (अ) (i) न्यायाधीशों और लोक सेवकों के अभियोजन के उपबंधों का परीक्षण कीजिए और इस सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत सन् 2013 के संशोधनों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । **10**

(ii) क्या सरकारी कम्पनियों के अधिकारी या लोक उपक्रमों के अधिकारी भी जब ऐसा लोक उपक्रम राज्य हो, न्यायाधीश और लोकसेवक विधि के अभियोजन में प्रावधानों के अन्तर्गत संरक्षण के हकदार हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में निर्णयज विधि का उल्लेख करें । **10**

(ब) 'क' पर 21 जनवरी, 1882 को खुदाबख्श की हत्या करने का आरोप है, वास्तव में मृत व्यक्ति का नाम हैदरबख्श था और हत्या की तारीख 20 जनवरी, 1882 थी । 'क' पर कभी एक हत्या के अतिरिक्त दूसरी किसी हत्या का आरोप नहीं लगाया गया और उसने मजिस्ट्रेट के सम्मुख हुई जाँच को सुना था, जिसमें हैदरबख्श के मामले का ही अनन्य रूप से निर्देश किया गया था । न्यायालय इन तथ्यों से क्या अनुमान लगा सकता है ? निर्णीत करें । **10**

(स) सन् 2013 के संशोधनों सहित दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत पीडित प्रतिकर स्कीम का परीक्षण कीजिए । यह स्कीम कहाँ तक प्रतिकर देने के आदेश और निराधार गिरफ्तार करवाए गए व्यक्तियों को प्रतिकर से पृथक है ? विवेचना करें । **10**

(a) (i) Examine the provisions of prosecution of judges and public servants and critically analyze amendment of 2013 in this regard as prescribed under criminal procedure code.

(ii) Whether officers of Government companies or public undertaking even when such public undertakings are state, entitle to get protection under the provision of prosecution of judges and public servant law ? Support your answer by case law.

(b) "A" is charged with the murder of Khuda Baksh on the 21st January, 1882, in fact the murdered person's name was Haidar Baksh, and the date of murder was the 20th January, 1882. "A" was never charged with any murder but one, and had heard the inquiry before the Magistrate, which referred exclusively to the case of Haidar Baksh. What can be inferred by court from these facts ? Decide.

(c) Examine the victim compensation scheme provided under Criminal Procedure Code with amendment of 2013. How far this scheme is different from order to pay compensation and compensation to those persons who were groundlessly arrested ? Discuss.

9. (अ) (i) सिविल मामलों में अध्यारोपित आचरण साबित करने के लिए शील विसंगत है, का परीक्षण कीजिए, जबकि नुकसानी पर प्रभाव डालने वाला शील सुसंगत है । विश्लेषण कीजिए । **10**

(ii) दाण्डिक मामलों में पूर्वतन अच्छा शील सुसंगत है, जबकि कतिपय मामलों में शील या पूर्व लैंगिक अनुभव के साक्ष्य सुसंगत नहीं हैं । इस प्रकार विधि यह है कि उत्तर में होने के सिवाय पूर्वतन बुवाशील सुसंगत नहीं है । आलोचनात्मक विश्लेषण करें । **10**

(ब) 'क' अपनी पत्नी 'ग' के साथ जारकर्म करने के लिए 'ख' का अभियोजन करता है । 'ख' इस बात का प्रत्याख्यान करता है कि 'ग', 'क' की पत्नी है, किन्तु न्यायालय 'ख' को जारकर्म के लिए दोष सिद्ध करता है । तत्पश्चात् 'क' के जीवनकाल में 'ख' के साथ विवाह करने पर द्विविवाह के लिए 'ग' अभियोजित की जाती है । 'ग' कहती है कि वह 'क' की पत्नी कभी नहीं थी । 'ग' के विरुद्ध द्विविवाह का अपराध किये जाने में, 'ख' के विरुद्ध दिये गये निर्णय की सुसंगतता निर्णीत कीजिए । **10**

(स) 'ग' की हत्या करने के लिए 'क' का विचारण हो रहा है । यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य है कि 'ग' की हत्या 'क' और 'ख' द्वारा की गई थी और यह है कि 'ख' ने कहा था कि 'क' और मैंने 'ग' की हत्या की है । क्या 'ख' का कथन न्यायालय द्वारा 'क' के विरुद्ध सुसंगत साक्ष्य के रूप में विचार किया जा सकता है । **10**

(a) (i) Examine the provisions that in civil cases character to prove conduct imputed irrelevant, whereas, character as affecting damages is relevant. Analyse.

(ii) In criminal cases, previous good character is relevant, however, evidence of character or previous sexual experience not relevant in certain cases. Thus, the law is that previous bad character is not relevant, except in reply. Critically analyse.

(b) "A" prosecutes "B" for adultery with "C", A's wife. "B" denies that "C" is A's wife but the court convicts "B" of adultery. Afterwards, "C" is prosecuted for bigamy in marrying "B" during A's lifetime. "C" says that she never was A's wife. Decide the relevancy of judgment against "B", for offence of bigamy against "C"

(c) "A" is on his trial for murder of "C". There is evidence to show that "C" was murdered by "A" and "B", and that "B" said – "A" and I murdered "C". Whether the statement of "B" may be taken into consideration as relevant evidence by the court, against "A".

10. (अ) वे दशाएँ जिनमें पुख्त व्यक्ति द्वारा सुसंगत तथ्य का कथन सुसंगत है जो मर गया है, की संक्षिप्त विवेचना कीजिए । अपने उत्तर के समर्थन में उदाहरणों को दीजिए । **20**

(ब) उच्चतम न्यायालय के निर्णीत वाद पर आधारित अपने विधिक विचारों की अभिव्यक्ति कीजिए कि क्या समाचार पत्र रिपोर्ट मौखिक साक्ष्य, या दस्तावेजी साक्ष्य या श्रुत साक्ष्य है ? क्या यह विश्वसनीय है ? निर्णय दें । **10**

(स) (मुवकिल) कथनीकार 'क', अटर्नी 'ख' से कहता है - "मैं सम्पत्ति पर कब्जा कूटरचित विलेख के उपयोग द्वारा अभिप्राप्त करना चाहता हूँ और इस आधार पर वाद लाने में आपसे प्रार्थना करता हूँ ।" क्या यह संसूचना वृत्तिक संसूचनाओं के अन्तर्गत संरक्षित है ? उत्तर विधिक उपबंधों से समर्थिक होना चाहिए । **10**

(a) Discuss in short the cases in which statement of relevant fact by person who is dead is relevant. Support your answer by illustrations.

(b) Express your views based on decided case of Supreme Court that whether newspaper report is a oral evidence or documentary evidence or hearsay evidence ? Whether it is reliable ? Decide.

(c) "A", a client, says to "B" an attorney – "I wish to obtain possession of property by the use of forged deed on which I request you to sue". Whether this communication is protected under professional communications ? Answer should be based on legal provisions.

---

No. of Printed Pages : 4

PCS (J) – 2015 (Main) **NSP-05**

**2015**

**विधि (राजस्व और दाण्डिक)**

**प्रश्न पत्र - III**

# LAW (Revenue and Criminal)
## Paper - III

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी कुल छः (6) प्रश्नों का उत्तर दें, जिनमें खण्ड 'अ' से प्रश्न संख्या 1 तथा अन्य कोई दो प्रश्न तथा खण्ड 'ब' से प्रश्न संख्या 6 तथा अन्य कोई दो प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं । एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यतः एक साथ दिया जाय ।*

**Note :** *Candidates should answer six questions in all, out of which they should answer question No. 1 and any other two questions from group 'A' and question No. 6 and any other two questions from group 'B'. Marks carried by each question are indicated at its end. The parts of same question must be answered together.*

**खण्ड – अ / Group – A**

1. (अ) राज्य में आस्थान के निहित होने के क्या परिणाम हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए । **20**

(ब) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : **10**

(i) दानोत्तर

(ii) आस्थान

(iii) खान

(स) भूमि प्रबन्धक समिति के कृत्यों तथा कर्त्तव्यों में क्या शामिल है ? उल्लेख कीजिए । **10**

(a) What are the consequences of the vesting of an estate in the State ? Describe in brief.

(b) Define the following :

(i) Charitable purpose

(ii) Estate

(iii) Mine

(c) What is included in the functions and duties of the land management committee ? Discuss.

2. (अ) प्रत्येक मध्यवर्ती को (ठेकेदार के अतिरिक्त) जिसके आस्थान उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम के निर्देशों के अधीन हस्तगत कर लिये गये हों, पुनर्वास-अनुदान किस व्यवस्था के अनुसार दिया जाएगा तथा किस दिनांक से देय होगा ? **20**

(ब) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 79 के अधीन दिये जाने वाले प्रार्थना पत्र के ब्यौरों (अन्तर्वस्तु) का उल्लेख कीजिए । **10**

(a) Under which conditions and on which date the rehabilitation grant shall be paid to every intermediary (other than a thekedar) whose estate or estates have been acquired under the provisions of U.P.Z.A. & L.R. Act ?

(b) Describe the contents of application under section 79 of the U.P.Z.A. & L.R. Act.

3. (अ) अधिवासी को कौन से अधिकार प्राप्त हैं ? उसके लगान का नगदी में परिवर्तन (सारांशीकरण) किस प्रकार होगा ? **10**

(ब) प्रतिकर विवरण-पत्र से क्या तात्पर्य है ? भू-धारक या अधिवासी को किन प्रावधानों के अन्तर्गत प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकार है ? **10**

(स) भूमिधरों द्वारा देय मालगुजारी के अवधारण की क्या प्रक्रिया है ? **10**

(a) What are the rights of an adhivasi ? How the rent payable by him shall be committed ?

(b) What do you mean by compensation statement ? Under which provisions and conditions, a landholder or an adhivasi is entitled to receive compensation ?

(c) Discuss the procedure for determination of land revenue payable by bhumidhars.

4. (अ) संक्राम्य अधिकारों वाला भूमिधर एवं असंक्राम्य अधिकारों वाला भूमिधर के अन्तर को समझाइए । किस भूमि में भूमिधरी, अधिकार प्राप्त नहीं होंगे ? **15**

(ब) भूमिधर द्वारा अन्तरण पर क्या प्रतिबन्ध है ? पूर्णरूप से समझाकर बताइए । **15**

(a) Distinguish between bhumidhar with transferable rights and bhumidhar with non-transferable rights. In which land bhumidhari rights shall not accrue ?

(b) What are the restrictions on transfer by a bhumidhar ? Explain fully.

5. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम के प्रयोजनों के लिए राज्य सरकार किन अधिकारियों को नियुक्त कर सकती है और उनके अधिकार और कर्त्तव्य क्या होंगे ? **20**

(ब) किसी वाद में भूमि के कृषि कार्य के प्रयोजन का तर्क प्रस्तुत किये जाने की दशा में प्रक्रिया क्या होगी ? **10**

(a) Who are the officers of the State Government may appoint for carrying out the purposes of U.P.Z.A. & L.R. Act and what will be their powers and duties ?

(b) What will be the procedure when plea of land being used for agricultural purposes is raised in any suit ?

## खण्ड – ब / Group – B

6. (अ) भा.द. संहिता, 1860 के अन्तर्गत शब्द 'लोक सेवक' से क्या तात्पर्य है ? स्पष्टीकरणों सहित समझाइए । **20**

(ब) 'क' कुल्हाड़ी से काम कर रहा है; कुल्हाड़ी का फल उसमें से निकल कर उछल जाता है और निकट खड़ा हुआ व्यक्ति उससे मारा जाता है । क्या 'क' का कार्य अपराध है ? कारण बताइए । **10**

(स) 'ख' को 'क' 'य' का गृह जलाने के लिए उकसाता है । 'ख' उस गृह को आग लगा देता है और उसी समय वहाँ सम्पत्ति की चोरी करता है । 'क' का अपराध बताइए । **10**

(a) What is meant by 'Public Servant' under the Indian Penal code, 1860 ? Discuss with explanations.

(b) 'A' is at work with a hatchet ; the head flies off and kills a man who is standing by. Has A committed an offence ? Give reason.

(c) A instigates B to burn Z's house. B sets fire to the house and at the same time commits theft of property there. Discuss the liability of A.

7. (अ) दुष्प्रेरण से आप क्या समझते हैं ? दुष्प्रेरक से क्या तात्पर्य है । दुष्प्रेरक का उदाहरण दीजिए । **15**

(ब) 'क' एक पुलिस ऑफिसर, जिसका कर्त्तव्य लूट को निवारित करना है, लूट किये जाने का दुष्प्रेरण करता है । लूट नहीं की जाती । 'क' किस दण्ड का भोगी होगा ? **5**

(स) आपराधिक षड्यंत्र की परिभाषा दीजिए एवं उसका दण्ड बताइये । **10**

(a) What do you mean by Abetment ? Who is an abettor ? Give an example of abettor.

(b) A, a police officer, whose duty is to prevent robbery, abets the commission of robbery. Robbery is not committed. To which punishment is A liable ?

(c) Define criminal conspiracy and state its punishment.

8. (अ) विधि विरुद्ध जमाव से क्या तात्पर्य है ? क्या विधिविरुद्ध जमाव का प्रत्येक सदस्य, सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने के लिए किये गए अपराध का दोषी होगा ? **20**

(ब) बल्वा करना और दंगा करना के अन्तर को स्पष्ट कीजिए । **10**

(a) What is meant by unlawful assembly ? Whether every member of unlawful assembly is guilty of the offence committed in furtherance of common object ?

(b) Distinguish between rioting and affray.

9. निम्नलिखित को समझाकर लिखिए :

(अ) मिथ्या साक्ष्य देना **10**

(ब) अपराधी को संश्रय (हारबरिंग) देना **10**

(स) हत्या करने का प्रयत्न **10**

Explain the following :

(a) Giving false evidence

(b) Harbouring offender

(c) Attempt to murder

10. निम्नलिखित में अन्तर बताइये :

(अ) सदोष अवरोध, सदोष परिरोध एवं गुप्त स्थान में सदोष परिरोध **10**

(ब) बल, आपराधिक बल एवं हमला **10**

(स) रिष्टि, आपराधिक अतिचार एवं गृह भेदन **10**

Distinguish between the following :

(a) Wrongful restraint, wrongful confinement and wrongful confinement in secret place.

(b) Force, criminal force and assault.

(c) Mischief, Criminal trespass and house-breaking.

PCS (J) - 2015 (Main)

*No. of Printed Pages : 2*

**NSP-01**

**2015**

# वर्तमान परिदृश्य

# THE PRESENT DAY

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 150*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 150*

*नोट :* (i) *अभ्यर्थी सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें ।*

(ii) ***सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

(iii) *एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

*Note :* (i) *Candidates should attempt all the five questions.*

(ii) *All questions carry equal marks.*

(iii) *The parts of same question must be answered together.*

1. (क) "अधिकार एवं कर्त्तव्य परस्पर सहवर्ती हैं", व्याख्या कीजिए । भारत में सूचना के अधिकार के संबंध में यह विधिशास्त्रीय अवधारणा कहाँ तक प्रयोज्य है ? 15

(ख) "यह कहना ठीक नहीं है कि प्रत्येक नैतिक बंधन में विधिक कर्त्तव्य अन्तर्बलित है परन्तु प्रत्येक विधिक कर्त्तव्य एक नैतिक बंधन पर आधारित है ।" विवेचना कीजिए । 15

(a) "Rights and duties are correlative." Explain. How far this jurisprudential conception is applicable to Right to Information in India ?

(b) "It would not be correct to say that every moral obligation involves a legal duty but every legal duty is founded on a moral obligation." Discuss.

2. (क) संघ तथा राज्य के सिविल सेवकों का कार्यकाल क्रमश: राष्ट्रपति तथा राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त रहता है । क्या इस नियम पर कोई प्रतिबंध है ? विवेचना कीजिए । ऐसे सेवकों को पदच्युति इत्यादि के विरुद्ध कौन से संवैधानिक संरक्षण प्राप्त हैं ? 15

(ख) "भारतीय पंथ निरपेक्षता न तो धर्म विरुद्ध है और न ही धर्म के प्रति पूर्णतया तटस्थ, बल्कि उसका मूल आधार सभी धर्मों के प्रति समान आदर है ।" उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । 15

(a) Civil Servants of the union and states hold their offices during pleasure of the President and Governor respectively. Is there any restriction on this rule ? Discuss. What are the constitutional protections available to such servants against dismissal etc. ?

(b) "Indian secularism is neither anti-religious nor is it based on total neutrality towards religion, but is based on equal respect to all religions." Explain and illustrate.

3. (क) निर्णीत वाद-विधि की सहायता से राष्ट्रपति के क्षमादान की शक्ति के परिधि (Scope) की विवेचना कीजिए । 15

(ख) केन्द्र तथा राज्य के मध्य विधायी शक्ति के वितरण के संदर्भ में असंगतता के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए । 15

(a) Discuss the scope of pardoning power of the President with the help of decided case law.

(b) Explain the Doctrine of repugnancy in reference to distribution of legislative powers between the union and states.

4. (क) "राष्ट्रीय विधि एवं अंतर्राष्ट्रीय विधि के बीच विभेद धीरे-धीरे कम होता जा रहा है ।" व्याख्या कीजिए । 15

(ख) अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाये रखने में संयुक्त राष्ट्र की महासभा की भूमिका का परीक्षण कीजिए । 15

(a) "The distinction between National law and International law is blurring gradually." Explain.

(b) Examine the role of General Assembly of United Nations in the maintenance of international peace and security.

5. (क) प्रोन्नति में आरक्षण संबंधी विधि का वर्तमान न्यायिक निर्णयों के आलोक में परीक्षण कीजिए । 15

(ख) उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रमाती शैक्षिक एवं सांस्कृतिक ट्रस्ट एवं अन्य बनाम भारत संघ (2014)8 एस.सी.सी. में दिये गये निर्णय पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए । 15

(a) Examine the law relating to reservation in promotion in context to recent judicial decisions.

(b) Write a detailed note on the decision given by the Supreme Court in Pramati Educational and Cultural Trust and Others Vs. Union of India (2014) 8 SCC.

PCS (J) – 2015 (Main)



**2015**

**भाषा**

# LANGUAGE

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

*नोट :* (i) *अभ्यर्थी सभी* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दें ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

(iii) *एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।*

***Note :*** (i) *Candidates should attempt all the* ***three*** *questions.*

(ii) *Marks carried by each question are indicated at its end.*

(iii) *The parts of same question must be answered together.*

**भाग – 1 / PART – 1**

1. Translate the following English Passage into the ordinary language spoken in courts using Devnagri Script. **30**

The ability of the lawyer to confuse others by the use of words has long been the subject of proverb. And yet, no matter what else may be said of him or her, the lawyer, in his or her field – even as the physician and the priest in theirs – remains the last resource of other men and women. When the wisdom of common man fails them and disaster is at hand ; when the laymen's brain is overworked till his mental fuse burns out; when the motor car of "Business" blows out its tires and piles up in the ditches of insolvency ; when the human derelict is finally tossed upon the rocks of the stormy seas of life; then the lawyer is sent for handling the situation.

Bulk of lawyers work consists in preparing documents etc. It is an open secret that the lawyer, who speaks very good English, falls short of when he writes it. The lawyer seems to loose his mastery of words when he puts his pen, instead of his tongue, to the task of expressing them in statutes, in judicial opinions or in legal documents. It is an ancient charge that the lawyer, as compared to other writers, is prolix and muddy in his literary style and is unduly given to the overuse of words.

It may be truly said that the form and style of our written laws make up of a chief cause for complaint against the language of the lawyer. For laws, like the poor, are not always with us, they are above us and around us and almost reach within us. They must be read and obeyed – and therefore understood – by laymen as well as lawyers ; since ignorance of the law excuses no man. For obvious reasons therefore, laws should be as clear and simple as possible. Yet, strangely enough, it is in this matter of writing laws that the lawyer often reaches and surpasses the limits of human capacity.

The chief fault of lawyers is certainly that of prolixity. Webster defines "prolix" as "extending to great length", and then in a note he says: "prolixity is one of the worst qualities of style." There are, of course, deep and subtle reasons for the prolixity of what lawyers write reasons which lawyers do not generally realize or understand. They lie chiefly in two ever-present factors : a constant and inherent complexity of subject matter, and an urge towards guarded and cautious language. It may be from experience, it may be from instinct – but the lawyer uses his pen as if it were an old – fashioned musket ; he is always afraid of the "kick" when the thing goes off. Lawyers who are intellectually honest will recognize this tendency toward prolixity in their own experience, and will constantly be on their guard against it.

Another chief defect in the writing of lawyers is the fact that they prefer to go round a subject with their words rather than straight to it. In their use of language they prefer a steam shovel rather than a spade – and then they neglect to cast away the rubbish.

It may be admitted – indeed it must not only be admitted but asserted – that the lawyer's problem in writing is a difficult one. Whether he has to write a statute, a deed, a will or what not, the lawyer must do more than the average writer. A lawyer must so word his document that it will be impossible to misconstrue it. The average writer does not have this problem ; he need only write for the average reader. In other words, he so writes that his words ought not to be misconstrued ; but the lawyer must so write that his words cannot be misconstrued. To put the matter another way, the average writer may expect good faith – that is, an honest intention to get at the meaning of what is written – from his reader. The lawyer, on the other hand, must anticipate bad faith on the part of many of his readers and must guard against it.

## भाग – 2 / PART – 2

2. निम्नलिखित हिन्दी गद्यांश का सामान्य अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिये : **30**

Translate the following Hindi passage into ordinary English language :

एक लोकतांत्रिक गणराज्य में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की आधारशिला एक सुदृढ़ विधि-व्यवस्था होती है । यह व्यवस्था संविधान में प्रदत्त की जाती है । स्वतंत्रता के पश्चात् यह व्यवस्था भारत के संविधान में बनाई गई । संविधान के अन्तर्गत हम भारत के लोगों ने समुदाय का समाजवादी ढंग अपनाया । भारत के संविधान के अनुच्छेद 38 में यह प्रदत्त किया गया कि राज्य ऐसी सामाजिक व्यवस्था की, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्राणित करे, भरसक प्रभावी रूप से स्थापना और संरक्षण करके लोक कल्याण की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा । संविधान में 44वें संशोधन द्वारा अनुच्छेद 38 में एक नया निदेशक तत्त्व जोड़ा गया । यह उपबन्धित करता है कि राज्य, विशिष्टतया आय की असमानताओं को कम करने का प्रयास करेगा और न केवल व्यक्तियों के बीच बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले और विभिन्न व्यवसायों में लगे लोगों के समूहों के बीच भी प्रतिष्ठा, सुविधाओं और अवसरों की असमानता समाप्त करने का प्रयास करेगा । संविधान का अनुच्छेद 39 यह प्रदत्त करता है कि राज्य अपनी नीति का विशिष्टतया, इस प्रकार संचालन करेगा कि सुनिश्चित रूप से –

(i) पुरुष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो ।

(ii) समुदाय की भौतिक सम्पदा का स्वामित्त्व और नियंत्रण इस प्रकार बँटा हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम रूप से साधन हो ।

(iii) आर्थिक व्यवस्था इस प्रकार चले जिससे धन और उत्पादन साधनों का सर्वसाधारण के लिए अहितकारी संकेन्द्रण न हो । भारत के संविधान की उद्देशिका भी भारत के लोगों को सामाजिक एवं आर्थिक न्याय तथा प्रतिष्ठा की समानता को संविधान के उद्देश्यों में वर्णित करती है ।

स्वतंत्रता के पश्चात सरकार के समक्ष सर्वोच्च महत्त्व का प्रश्न था कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास ढंग क्या होना चाहिए जिसके द्वारा उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके । विश्व स्तर पर मुख्यत: दो ढंग औद्योगिक एवं आर्थिक के अपनाए जाते थे । एक ढंग यह था कि निजी प्रतिष्ठानों के हाथ में छोड़ दिया जाता था कि वे अपने संसाधनों का निवेश करें एवं विकास का ध्यान रखें और इनकी गतिविधियों में राज्य दखल न दे । इस व्यवस्था में हर समय यह खतरा रहता था कि देश का प्रत्येक भौतिक संसाधन निजी क्षेत्रों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और भारत की सामान्य जनता स्वतंत्रता के लाभ से वंचित हो जाएगी । वे अपनी आकांक्षाओं एवं अभिलाषाओं से वंचित कर दिए जाएँगे । यह कुछ हाथों में धन का संकेन्द्रीकरण होगा जो पूरी व्यवस्था के नियंत्रित करेंगे ।

औद्योगिक एवं आर्थिक विकास का दूसरा ढंग यह था कि राष्ट्र का प्रत्येक भौतिक संसाधन राज्य द्वारा नियंत्रित किया जाता था । यह ऐसा ढंग था जिसमें व्यक्ति एक अंक मात्र रह जाता था । राज्य का नियंत्रण इतना गहरा था कि व्यक्तियों की क्षमता का निर्धारण राज्य ही करता था कि कौन व्यक्ति राज्य के किस काम आ सकता था । यह ढंग व्यक्ति के विकास का गला घोंट देने वाला था । संविधान के भाग 3 में कई अधिकारों की गारन्टी दी गई है जो व्यक्तियों के लिए सर्वोच्च महत्त्व के हैं ताकि वे अपने व्यक्तित्व को अपनी क्षमता एवं चुनाव के अनुसार बना सकें और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दे सकें ।

चूँकि दोनों ही ढंग संविधान की आत्मा के अनुकूल नहीं हो पा रहे थे, औद्योगिक एवं आर्थिक विकास का बीच का रास्ता अपनाया गया । प्रथम औद्योगिक नीति 1948 में यह निश्चय किया गया कि भारी एवं मुख्य उद्योग का आधारभूत ढाँचा एवं ढाँचे के लिए सर्वोच्च आवश्यक राष्ट्र की भौतिक सम्पदा राज्य के नियंत्रण में रहनी चाहिए । निजी व्यक्तियों को भी अनुमति थी कि राज्य द्वारा निर्मित विधि के नियंत्रण में रहते हुए उद्योगों में अपनी कुशलता एवं संसाधनों का निवेश कर सकें ।

तब समस्या यह उत्पन्न हुई कि राज्य इन सबको कैसे करेगा । यह निश्चय किया गया कि इनको लोक निगमों एवं सरकारी विभागों के माध्यम से किया जाएगा । इस प्रकार भारी मशीन एवं उपकरण, जलविद्युत योजनाएँ, रेलवे, मूलभूत उद्योगों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति, खदान एवं अति-आवश्यक उद्योग राज्य के नियंत्रण में आए । अनेकानेक लोक निगमों एवं राजकीय कम्पनियों की स्थापना की गई जिनमें भारत के लाखों नागरिकों को रोज़गार मिला । इस प्रकार यह आरम्भिक बिन्दु था जिसके द्वारा संविधान के उपर्युक्त उद्देश्यों, देश के लोगों की भावनाओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति हो सके एवं भविष्य में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को प्राप्त किया जा सके ।

## भाग – 3 / PART – 3

3. निम्न गद्यांश का संक्षिप्तीकरण अंग्रेजी में कीजिए : **40**

Write a précis in English of the following passage :

In 1922 Gandhiji was arrested and charged with sedition for three of his articles in his magazine, Young India. At the conclusion of the trial Gandhiji was asked by the judge if he wished to make a statement before receiving sentence. The following statement was then read :

I owe it perhaps to the Indian public and to the public in England to placate which this prosecution is mainly taken up that I should explain why from a staunch loyalist and cooperator I have become an uncompromising dis-affectionist and non-cooperator. To the court too I should say why I plead guilty to the charge of promoting disaffection toward the government established by law in India.

Section 124 A, under which I am charged, is perhaps the prince among the political sections of the Indian Penal code designed to suppress the liberty of the citizen. Affection cannot be manufactured or regulated by law. If one has an affection for a person or system, one should be free to give the fullest expression to his disaffection, so long as he does not contemplate, promote, or incite to violence. I have studied some of the cases tried under it, and I know that some of the most loved of India's patriots have been convicted under it. I consider it a privilege, therefore, to be charged under that section. I have no personal ill will against any single administrator. But I hold it to be a virtue to be disaffected toward a government which in its totality has done more harm to India than any previous system. It has been a precious privilege for me to be able to write what I have in the various articles, tendered in evidence against me.

The law itself in this country has been used to serve the foreign exploiter. My unbiased examination of the Punjab Martial law cases has led me to believe that at least ninety-five percent of convictions were wholly bad. My experience of political cases in India leads me to the conclusion that in nine out of every ten the condemned men were totally innocent. Their crime consisted in the love of their country. In ninety-nine cases out of a hundred justice has been denied to Indians as against Europeans in the courts of India. This is not an exaggerated picture. It is the experience of almost every Indian who has had anything to do with such cases. In my opinion, the administration of the law is thus prostituted consciously or unconsciously for the benefit of the exploiter.

In fact, I believe that I have rendered a service to India by showing in non-co-operation the way out of the unnatural state in which we are living. In my humble opinion, non cooperation with evil is as much a duty as is co-operation with good. Non violence implies voluntary submission to the penalty for non co-operation with evil. I am here, therefore, to invite and submit cheerfully to the highest penalty that can be inflicted upon me for what in law is a deliberate crime and what appears to me to be the highest duty of a citizen. The only course open to you, the judge, is either to resign your post, and thus dissociate yourself from evil if you feel that the law you are called upon to administer is an evil and that in reality I am innocent, or to inflict on me the severest penalty if you believe that the system and the law you are assisting to administer are good for the people of this country and that my activity is therefore injurious to the public.